**भारत सरकार**

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न सं. 2228**

**गुरुवार, 4जुलाई, 2019/13 आषाढ़, 1941 (शक)**

**बिहार और झारखंड में राष्ट्रीय राजमार्गों परकार्य**

**2228. श्री संतोष कुमारः**

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यहबताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या एनएचएआई की वित्त संबंधी स्थायीसमिति ने बिहार और झारखंड में सड़कों की स्थितिमें सुधार केलिए एक प्रस्ताव तैयार किया है औरयदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने बिहार और झारखंड मेंराष्ट्रीय राजमार्गों (एन॰एच॰) की पहचान की हैजहाँ ट्रकों की आवाजाही के कारण लगातार भारीट्रैफिक जाम होता है और यदि हां, तो तत्संबंधीब्यौरा क्या है;

(ग) गत चार वर्षों के दौरान यातायात जामसे आम लोगों को राहत देने के लिए सरकार द्वाराक्या कदम उठाए गए हैंऔर उन राजमार्ग कीसंख्या कितनी है जहां केवल दो लेन सड़कों कोचार लेन वाली सड़कों में परिवर्तितकिया जानाहै;

(घ) गत तीन वर्षों के दौरान देश में विशेषरूप से बिहार और झारखंड में चौड़े किएगए राष्ट्रीय राजमार्गों की संख्या कितनी है;और

(ङ) क्या सरकार का विचार राष्ट्रीय राजमार्गोंके नेटवर्क में छोटे राजमार्गों को शामिल करनेका है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्याहै?

**उत्तर**

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री**

**(श्री नितिन जयराम गडकरी)**

**(क) से (ङ)** विभिन्न जिलों से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास / उन्नयन एक सतत् प्रक्रिया है और उनकी तुलनात्मक प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के आधार पर समय समय पर उनके लिए परियोजनाएं क्रियान्वित की जाती हैं। भारतमाला परियोजना कार्यक्रम के अंतर्गत,देश के 219 स्थानों पर भारी यातायात जाम / भीड़-भाड़ को दूर करने के लिए रिंग रोड, बायपास, ग्रेड सेपरेटर संरचना इत्यादिके निर्माण जैसेविभिन्न उपायों की परिकल्पना की गयी है, जिनमें बिहार और झारखंड राज्य के शहर भी शामिल हैं। इसके अलावा, भारतमाला परियोजना के अंतर्गत देश के विभिन्न क्षेत्रों में इंटर - कॉरिडोरों और फीडर मार्गों के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न सड़क खंडों की पहचान की गयी है।

पिछले चार वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्गों का एकल / माध्यमिक / 2 लेन से 4 लेन या अधिक अभिविन्यास में विकास/उन्नयन की विभिन्न परियोजनाएं शुरू की गयीं हैं। पिछले 4 वर्षों के दौरान बिहार और झारखंड राज्य में ऐसी निर्मित परियोजनाओं की कुल लंबाई 363 किमी है। इसके अलावा,पिछले तीन वर्षों के दौरान, मार्च 2019 तक देश में करीब 28,915 किमी की कुल लंबाई के राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास / उन्नयन का कार्य संपन्न किया गया है, जिनमें से करीब 1,812 किमी लंबाई की सड़कें बिहार और झारखंड राज्यों में पूरी की गयीं हैं।

******